10092024-DTM-05_27DT02A.qxd 9/9/2024 10:30 PM Page 1

पानीपत ग्रामीण, शहरी हलकों से कांग्रेस टिकट के दावेदारों का दिल्ली में डेरा

पानीपत, 9 सितंबर (हप्र)

कांग्रेस द्वारा इसराना व समालखा हलकों से अपने दोनों मौजूदा विधायकों बलबीर वाल्मीकि व धर्म सिंह छौक्कर को दोबारा से चुनावी मैदान में उतारा है। दोनों ही विधायकों ने अपने हलकों में चुनाव प्रचार शुरू भी कर दिया है। हालांकि कांग्रेस ने जिले के पानीपत ग्रामीण व पानीपत शहरी हलकों से अपने प्रत्याशियों की घोषणा अभी तक भी नहीं की है। पानीपत ग्रामीण हलके में तो करीब आधा दर्जन मजबूत दावेदार हैं और पानीपत शहर में वरिष्ठ नेता वरिंदर बुल्ले शाह व पूर्व विधायक रोहिता रेवड़ी प्रबल दावेदार है। पानीपत जिले की इन दोनों सीटों पर प्रत्याशी का चयन करने में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व असमंजस में है।

बता दें कि पानीपत ग्रामीण हलके से टिकट के करीब 6 प्रबल दावेदार तो पिछले करीब 15 दिनों से दिल्ली में ही डेरा डाले हुए हैं।

भाजपा प्रत्याशियों से पार्टी के ही नेताओं में नाराज़गी

भाजपा ने पानीपत ग्रामीण से महीपाल ढांडा, शहरी से प्रमोद विज, इसराना से कृष्ण लाल पंवार और समालखा से मनमोहन भडाना को टिकट दिया है। भाजपा के इन प्रत्याशियों का इनके हलकों में पार्टी के ही कुछ नेताओं द्वारा विरोध किया जा रहा है। भाजपा के पूर्व प्रदेश सचिव एवं एचएसएससी के पूर्व सदस्य सत्यवान शेरा ने पहले ही पार्टी से इस्तीफा दे दिया था और सोमवार को स्काईलार्क में आयोजित पत्रकार वार्ता में इसराना हलके से आजाद प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने की घोषणा की है। पत्रकार वार्ता में उनकी पत्नी एवं जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष आशु शेरा भी मौजूद रहीं। वहीं पानीपत शहरी हलके में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद लोकेश नागरू ने भी रविवार को आजाद प्रत्याशी के रूप में पानीपत शहर से चुनाव लड़ने का दावा किया है। समालखा हलके में प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य संजय छौक्कर ने हाल ही में भाजपा से इस्तीफा देकर आजाद चुनाव लड़ने की बात कही है। वहीं सोमवार को भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य रमेश मलिक ने भी पार्टी प्रत्याशी महीपाल ढांडा का विरोध करते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

दादा-दादी की कहानियों से संस्कारित होते हैं बच्चे : राजीव मेहता

सर्व विद्या पब्लिक स्कूल में मनाया ग्रैंड पेरेंट्स डे

इन्द्री के गांव मटक माजरी स्थित सर्व विद्या पब्लिक स्कूल में ग्रैंड पेरेंट्स डे समारोह में विजेता दादा-दादियों को सम्मानित करने के अवसर पर प्रधानाचार्या शालू शर्मा व अन्य। -निस

इन्द्री, 9 सितंबर (निस)

शहर के साथ लगते गांव मटक माजरी स्थित सर्व विद्या पब्लिक स्कूल में 'ग्रैंड पेरेंट्स डे' बहुत धूमधाम से मनाया गया। इसमें नर्सरी से यूकेजी तक के बच्चों के दादा व दादी को भी आमंत्रित किया गया। उनके लिए तरह-तरह की खेल व गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्कूल प्रधानाचार्या शालू शर्मा व उप प्रधानाचार्य नितिन शर्मा ने विभिन्न खेलों के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। स्कूल प्रबंधन समिति से जुड़े सेवानिवृत्त आईएएस राजीव मेहता व स्कूल प्रबंधक रिभुम मेहता ने पत्रकारों को बताया कि स्कूल में इस तरह के कार्यक्रम मनाने का उद्देश्य छात्रों के अंदर अपने बड़ों के प्रति आदर व सम्मान की भावना को पैदा करना है।

उन्होंने कहा कि दादा-दादी व बुजुर्ग बच्चों की परवरिश में अहम भूमिका निभाते हैं। वे अपनी कहानियों के जरिये बच्चों को ऐसे संस्कार प्रदान करते हैं, जोकि अच्छी शिक्षा का ही एक अंग हैं।

सुरजाखेड़ा ने नामांकन से पहले रोड शो में किया शक्ति प्रदर्शन

रेप केस में क्लीन चिट मिलने के बाद निर्दलीय चुनाव लड़ने की तैयारी

नरवाना, 9 सितंबर (निस)

हरियाणा में पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला की पार्टी जजपा से इस्तीफा दे चुके विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा ने नामांकन से पहले रोड शो निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया। रेप केस में क्लीन चिट मिलने के बाद अब वह निर्दलीय चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि बीजेपी में ज्वाइनिंग अटकने के बाद अब उन्होंने रायशुमारी के लिए कार्यकर्ताओं की मीटिंग बुलाई है जिसमें वह निर्दलीय चुनाव लड़ने पर फैसला लेंगे।

नरवाना में सोमवार को रामनिवास सुरजाखेड़ा रोड शो के दौरान शक्ति प्रदर्शन करते हुए।-निस

सुरजाखेड़ा ने शक्ति प्रदर्शन के दौरान कहा कि उन्हें जनता ने बहुत प्यार दिया है और आज उन्होंने अपना कार्यकर्ता सम्मेलन बुलाया है। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ विपक्षी साजिश रच रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि जजपा विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा को रेप केस में क्लीन चिट मिल गई है। मामले की जांच कर रही जींद पुलिस की एसआईटी ने 9 दिन में जांच पूरी कर एसपी सुमित कुमार को रिपोर्ट सौंप दी है। एसआईटी की तरफ से केस रद्द करने की सिफारिश की गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर रामनिवास सुरजाखेड़ा को क्लीनचिट दी गई है। रामनिवास सुरजाखेड़ा ने हाल ही में जजपा पार्टी से इस्तीफा दिया था।

खबर है...

एमडीएन ग्लोबल स्कूल में सेमिनार

कैथल के एमडीएन ग्लोबल स्कूल में मेहमानों का स्वागत करता स्कूल स्टाफ।-हप्र

कैथल (हप्र) : एमडीएन ग्लोबल स्कूल में एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों को सीपीआर कार्डियो पल्मोनरी रेसुसिटेशन और बेसिक लाइफ सपोर्ट के बारे में जागरूक करना था। सिग्नस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कैथल की ओर से मुख्य वक्ता डॉ. अमन नैन ने अपने साथियों के साथ इस सेमिनार का संचालन किया। सेमिनार का औपचारिक उद्घाटन स्कूल के निदेशक डॉ. विनोद कुमार और चेयरपर्सन निधि कांसल द्वारा किया गया। उन्होंने मुख्य वक्ता डॉ. अमन नैन और उनकी टीम का स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। प्रधानाचार्य डॉ. संत कौशिक ने कहा कि सीपीआर जैसी तकनीकें न केवल हमें आपात स्थितियों के लिए तैयार करती हैं, बल्कि दूसरों की मदद करने की भावना भी सिखाती हैं। स्कूल के प्रबंधक गौरव गर्ग द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

पशुपालकों के लिये प्रशिक्षण शिविर आयोजित

करनाल (हप्र) : कृषि विज्ञान केन्द्र, करनाल द्वारा 100 दिवसीय कार्य लक्ष्य अभियान के तहत राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. धीर सिंह के मार्गदर्शन में आत्मा कटिहार बिहार के 30 पशुपालकों के लिए प्रशिक्षण संपन्न किया गया। प्रशिक्षण में कृषि विज्ञान केन्द्र के अध्यक्ष डॉ. पंकज कुमार सारस्वत ने बताया कि बिहार में डेयरी फार्मिंग एक लाभदायक उद्यम है। दूध और दूध उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ रही है जिसके लिए किसानों को तकनीकी ज्ञान होना आवश्यक है। डॉ. एस.के.राठी ने बताया कि भारत की सर्वोत्तम भैंस की नस्ल मुर्रा है जबकि गायों की सबसे अधिक दूध देने वाली नस्ल साहीवाल है। डॉ. चंदर दत ने बताया कि जुगाली करने वाले दुधारू पशुओं के लिए संतुलित मात्रा में पानी, कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, खनिज एवं विटामिन की आपूर्ति अधिक दूध उत्पादन में सहायक होता है। प्रशिक्षण के दौरान डॉ. रमेश चन्द्रा, डॉ. बीएस मीणा, डॉ. विजेन्द्र मीणा, श्री अश्वनी कुमार, डॉ. सोनिया, दीपा कुमारी, डॉ. अरुण टी.वी., डॉ. प्रदीप ए कुलाल एवं विवेक कुमार ने भी व्याख्यान दिये।

कार्यकर्ताओं का कर्मठ होना अनिवार्य : श्याम लाल

पानीपत (वाप्र) : किशनपुरा में भाजपा बैठक आयोजित की गयी जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजेश भारद्वाज ने की | बैठक में पानीपत शहरी विधानसभा क्षेत्र के विस्तारक श्याम लाल ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। बैठक में श्याम लाल ने कहा कि संगठन में अद्भुत शक्ति होती है और संगठन की सफलता से ही सरकार का गठन होता है। संगठन को शक्ति प्रदान करने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं का कर्मठ होना अनिवार्य है। इसलिए सभी कार्यकर्ताओं को निष्ठा के साथ पार्टी के हित में कार्य करना चाहिए। मंडल अध्यक्ष राजेश भारद्वाज ने कहा कि भाजपा सरकार में विधायक प्रमोद विज ने पानीपत शहर में अनेक विकास कार्य करवाए हैं।

हादसे में युवक की मौत, चार अन्य घायल

कैथल (हप्र) : राजौंद में सोमवार को हुई एक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई जबकि चार अन्य गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी युवकों को प्राथमिक उपचार के बाद राजौंद से करनाल के अस्पताल में भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार एक स्कारपियो गाड़ी में चार युवक सवार थे। वह गांव जाखौली से राजौंद की तरफ जा रहे थे। जैसे ही उनकी गाड़ी ने राजौंद में प्रवेश किया तो उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पानी से भरे गड्ढे में जा गिरी। पानी में दम घुटने के कारण गांव जाखौली निवासी 23 वर्षीय अभिषेक की मौके पर ही मौत हो गई। गाड़ी में सवार आशु, विक्रम, सुखदेव और प्रवीण कुमार को राजौंद के सामुदायिक केन्द्र में भर्ती करवाया गया।

बार एसोसिएशन, जींद की राज्यव्यापी कॉल पर कैथल के वकीलों ने की हड़ताल

डीएसपी गीतिका जाखड़ के कथित दुर्व्यवहार से नाराजगी

कैथल, 9 सितंबर (हप्र)

जिला बार एसोसिएशन जींद की राज्यव्यापी हड़ताल की कॉल पर यहां भी वकीलों ने पूर्ण हड़ताल रखी। आज कोई भी वकील अदालतों में पेश नहीं हुआ और न ही किसी नोटरी पब्लिक अथवा ओथ कमीश्नर ने कोई दस्तावेज को अटेस्ट किया। वकीलों की हड़ताल के कारण बाहर से आने वाले मुवक्किलों को काफी परेशानी हुई। जिला बार एसोसिएशन की ओर से हर अदालत में एक-एक परोक्सी कौंसल नियुक्त किया गया था जो आज के केसों में केवल तारीख ले रहा था। हड़ताल के कारण अदालत व चैंबर परिसर सूने दिखाई दिए।

बार एसोसिशन के प्रधान बलजिंदर सिंह मलिक ने कहा कि इस मामले में कैथल के वकील जींद के वकीलों के साथ हैं।

कैथल में हड़ताल के कारण सूने पड़े वकीलों के चैंबर। (इनसेट में) बलजिंद्र मलिक।-हप्र

डीएसपी गीतिका जाखड़ के व्यवहार की निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि जींद की बार जो भी फैसला लेगी, हम उनके साथ हैं। यह हड़ताल 10 सितंबर को भी जारी रहेगी। मलिक ने कहा कि कुर्सी के मद में चूर पुलिस अधिकारी अपने पद की गरिमा भूल रही हैं। वकीलों की मांग है कि पुलिस विभाग या राज्य सरकार डीएसपी के खिलाफ उचित कार्रवाई करे वरना हड़ताल चलती रहेगी।

यह था मामला

मलिक ने बताया कि जिला बार एसोसिएशन जींद के प्रधान राकेश मलिक व कुछ अन्य वकील डीएसपी गीतिका जाखड़ के पास किसी काम से गए थे। वहां डीएसपी ने उनकी बात सुनने की बजाए उनसे कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया। मलिक ने कहा कि जब वकीलों ने उन्हें आराम से बात सुनने को कहा तो डीएसपी भड़क गयीं और वकीलों को गिरफ्तार करने तक की बात कह डाली।

थर्मल पावर प्लांट, खेदड़ के कर्मचारियों ने किया रोष प्रदर्शन

बरवाला, 9 सितंबर (निस)

राजीव गांधी थर्मल पावर प्लांट खेदड़ के कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाली संघर्ष समिति के आह्वान पर प्लांट में काली पट्टी बांधकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान रोष जताते हुए कर्मचारी नेताओं ने कहा कि रोहतक में आयोजित होने वाली ओपीएस तिरंगा मार्च की अनुमति को प्रशासन ने बिना किसी कारण के तुरंत प्रभाव से रद्द कर दिया गया इसलिए पुरानी पेंशन बहाली संघर्ष समिति हरियाणा ने पूरे प्रदेश में काली पट्टी बांधकर सरकार के खिलाफ अपना रोष प्रदर्शन किया। संघर्ष समिति नेताओं ने कहा कि विधानसभा चुनाव में भी वोट फॉर ओपीएस का अभियान चलाया जाएगा। आज इस प्रदर्शन में नरेश जांगड़ा प्रधान, सुरेश सहारण सचिव, सत्यवान खटकड़, वीरेंद्र नैन, राजेंद्र बेरवाल, अनिल आर्य खेदड़ आईटी सेल आदि उपस्थित रहे।

चुनाव में कर्मचारी पुरानी पेंशन के लिए करेंगे वोट : मामराज

इन्द्री स्थित बिजली घर में पेंशन बहाली संघर्ष समिति के प्रधान मामराज के नेतृत्व में रोष प्रदर्शन करते कर्मचारी। -निस

इन्द्री (निस) : पेंशन बहाली संघर्ष समिति के खंड प्रधान मामराज की अगुवाई में बिजली बोर्ड के कर्मचारियों ने सोमवार को काले बिल्ले लगाकर रोष प्रदर्शन किया। मामराज ने कहा कि सरकार ने पेंशन के संवैधानिक अधिकार से कर्मचारियों को वंचित कर रखा है। पहले सरकार एनपीएस की तारीफ करते नहीं थकती थी, अब केन्द्र सरकार ने एनपीएस के साथ यूपीएस लागू कर दिया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की मांग एक सुर में ओपीएस यानी ओल्ड पेंशन स्कीम है। जब तक पुरानी पेंशन नहीं मिलती, तब तक कर्मचारियों का गुस्सा कम होने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि ओपीएस को लेकर रोहतक में 8 सितंबर को होने वाले पेंशन तिरंगा मार्च की प्रशासन ने अनुमति वापस ले ली। इसको लेकर भी कर्मचारियों में रोष है। उन्होंने कहा कि मौजूदा विधानसभा चुनाव में पुरानी पेंशन सबसे बड़ा मुद्दा है। सभी कर्मचारी, उनके परिवार व समाज एक सुर में 'वोट फॉर ओपीएस' करेंगे। इस मौके पर मामराज, संदीप, दिलबाग, कुलदीप कुमार, राकेश कुमार मनोज एएफएम आदि उपस्थित रहे।

सड़कों की रिपेयर न होने पर ग्रामीणों ने एक्सप्रेस-वे निर्माण एजेंसी के खिलाफ किया प्रदर्शन

कलायत के गांव खरक पांडवा में सोमवार को एक्सप्रेस-वे निर्माण एजेंसी के खिलाफ रोष प्रदर्शन करते ग्रामीण।-निस

कलायत, 9 सितंबर (निस)

ओवरलोड डंपरों के कारण टूटी ग्रामीण सड़कों की रिपेयर न किए जाने से नाराज ग्रामीणों ने एक्सप्रेस-वे निर्माण एजेंसी के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया। सोमवार को गांव खरक पांडवा स्थित दिल्ली-कटरा एक्सप्रेस-वे के नजदीक निर्माणधीन टोल प्लाजा के पास ग्रामीण तंबू लगाकर बीच रास्ते पर बैठ गए। ग्रामीणों और भारतीय किसान यूनियन सदस्यों द्वारा सड़क की रिपेयर होने तक धरना जारी रखने का ऐलान किया है। भारतीय किसान यूनियन सदस्य व ग्रामीण गुरनाम सिंह सहारण, सोनू राजमल, उदय सिंह आदि ग्रामीणों ने बताया कि ओवरलोड डंपरों के कारण क्षेत्र की लगभग सभी सड़कें टूट चुकी हैं। धूल के उड़ते गुब्बार के कारण प्रतिदिन वाहन चालक हादसों का शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर रिपेयर कार्य जल्द नहीं हुआ तो वे एक्सप्रेस-वे निर्माण से संबंधित कोई कार्य नहीं होने देंगे।

लाडवा बनी हॉट सीट

भाजपा के नायब, कांग्रेस के मेवा, इनेलो के बडशामी ने शुरू किया धुंआधार प्रचार

विनोद जिन्दल/हप्र
कुरुक्षेत्र, 9 सितंबर

कुरुक्षेत्र जिले के लाडवा विधानसभा क्षेत्र से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुनावी मैदान में उतरने से लाडवा सीट प्रदेश की सबसे हॉट सीट बन गई है। यहां हार-जीत की अटकलों और बाजियों का दौर भी शुरू हो गया है। विधानसभा क्षेत्र में अभी तक मुख्य रूप से तीन उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं और तीनों ने ही अपना धुंआधार प्रचार शुरू कर दिया है।

नायब सिंह सैनी ने आए दिन लगभग एक दर्जन गांवों में अपनी चुनावी जनसभाएं शुरू कर दी हैं। उनकी पत्नी सुमन सैनी भी सभाएं करने में जुटी हैं। दूसरी ओर कांग्रेस के उम्मीदवार विधायक मेवा सिंह ने भी रविवार से चुनावी प्रचार तेज कर दिया है। उन्होंने भी आज कई बड़े कार्यक्रमों में प्रचार किया और वोट मांगे। तीसरे उम्मीदवार पूर्व विधायक इनेलो के शेर सिंह बडशामी भी यहां से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। आज भी उन्होंने कई स्थानों पर चुनावी कार्यक्रम किए। उल्लेखनीय है कि लाडवा विधानसभा क्षेत्र को सैनी बाहुल्य क्षेत्र माना जाता है। 2009 में लाडवा से शेरसिंह बडशामी ने इनेलो के उम्मीदवार के रूप में विजय प्राप्त की थी। उसके बाद 2014 के चुनाव में भाजपा उम्मीदवार डॉ. पवन सैनी यहां से विजयी रहे थे। लेकिन 2019 में कांग्रेस उम्मीदवार मेवा सिंह ने जीत हासिल की।

अशोक अरोड़ा को टिकट मिलते ही थानेसर क्षेत्र की राजनीति गरमाई

12 को हुड्डा की मौजूदगी में भरेंगे नामांकन

कुरुक्षेत्र, 9 सितंबर ((हप्र)

कांग्रेस पार्टी द्वारा पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा का थानेसर विधानसभा क्षेत्र से अपना उम्मीदवार घोषित करने के साथ ही बीती रात को ही अशोक अरोड़ा के घर पर उनके समर्थक एकत्रित हो गए। अशोक अरोड़ा की टिकट की घोषणा के साथ ही थानेसर विधानसभा क्षेत्र की राजनीति पूरी तरह से गरमा गई है। भाजपा उम्मीदवार सुभाष सुधा पहले से ही मैदान में हैं और भाजपा के एक अन्य बड़े नेता कृष्ण बजाज ने भी अटल बिहारी वाजपेयी की तसवीर लगाकर चुनाव में ताल ठोक दी है। वे भी प्रचार में जुटे हुए हैं। वैसे राजनीतिक समीकरणों के अनुसार यह तो साफ है कि मुकाबला तो कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच होगा। दोनों पुराने प्रतिद्विंदी अबकी बार फिर मैदान में हैं। 2019 के चुनाव में इनेलो छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए अशोक अरोड़ा को कांग्रेस ने उम्मीदवार बनाया था, लेकिन अशोक अरोड़ा भाजपा उम्मीदवार सुभाष सुधा से लगभग 800 मतों से हार गए थे। अशोक अरोड़ा 12 सितंबर को नामांकन भरेंगे। नामांकन के समय पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा भी उपस्थित रहेंगे। अशोक अरोड़ा 10 सितंबर को अपने चुनावी कार्यालय का शुभारंभ भी करेंगे।

टाटा कैपिटल हाउसिंग फायनांस लिमि.
पंजी. कार्यालय : 11वीं मंजिल, टावर ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, गणपत राव कदम मार्ग, लोअर परेल, मुम्बई-400013
CIN No. U67190MH2008PLC187552

कब्जा सूचना (अचल प्रॉपर्टी हेतु)
सिक्योरिटी इंट्रस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम-8 (1) के साथ पढ़े जाने वाले परिशिष्ट IV के अनुसार

सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनांशियल एसेट्स एंड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंट्रस्ट एक्ट 2002 के तहत **टाटा कैपिटल हाउसिंग फायनांस लिमिटेड** के अधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा सिक्योरिटी इंट्रस्ट (इनफोर्समेंट) रूल्ज, 2002 के नियम 3 के साथ पठनीय धारा 13(12) अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी द्वारा कर्जदार को डिमांड नोटिस जारी किया गया, जिसमें उन्हें नोटिस प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर संबद्ध डिमांड नोटिस में वर्णित राशि का भुगतान करने के लिए कहा गया था।

कर्जदार राशि का भुगतान करने में असफल रहे। अतः कर्जदारों को विशेष रूप में तथा सामान्य रूप से जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पढ़े जाने वाले उक्त एक्ट की धारा 13(4) के तहत प्रदान की गयी शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नांकित प्रॉपर्टी का कब्जा ले लिया गया है।

कर्जदार को विशेष रूप में तथा जनता को सामान्य तौर पर चेतावनी दी जाती है कि वे इस प्रॉपर्टी संबंधी कोई लेन-देन न करें और इस प्रापर्टी संबंधी कोई भी लेन-देन की राशि के लिए ब्याज पैनल ब्याज एवं अन्य खर्चों सहित **टाटा कैपिटल हाउसिंग फायनांस लिमिटेड** के चार्ज पर आधारित होगा।

कर्जदार का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्ति को रिडीम करवाने हेतु उपलब्ध समय के संबंध में एक्ट की धारा-13 की उपधारा (8) की व्यवस्थाओं की ओर दिलाया जाता है।

ऋण खाता नं.	ऑब्लीगर/ कानूनी वारिस/ कानूनी प्रतिनिधि का नाम	डिमांड नोटिस की तिथि एवं राशि	कब्जा तिथि
10177056 & TCHHF0349000100066587	राजेश गुप्ता (कर्जदार) श्रीमती सीमा देवी उर्फ श्यामा देवी (सह-कर्जदार)	रु. 64,83,435/-लोन खाता नं. 10177056 तथा रु. 11,47,282/- लोन खाता नं. TCHHF0349000100066587 के तहत अर्थात कुल रु. 76,30,717/- (रु. छिहत्तर लाख तीस हजार सात सौ सतारह केवल) बकाया 15.10.2022 के अनुसार	06.09.2024

सुरक्षित परिसम्पत्ति/अचल प्रॉपर्टी का विवरण : 1) प्रापर्टी के सभी भाग, माप 00-02-91 हैक्टेयर, खेवट/खतौनी नं. 86/114, खसरा नं. 862/78 में शामिल, मौजा टकसाल परगना भगेट तहसील कसौली जिला सोलन (हिमाचल प्रदेश) में स्थित, सेल डीड में वर्णित सभी कामन सुविधाओं सहित।
2) निम्न प्रापर्टी के सभी हिस्से, माप 00-05-86 हैक्टेयर, खेवट/खतौनी नं. 86/114, खसरा नं. 878/77 में शामिल, जमाबंदी 2008-09, कित्ते 03 मौजा टकसाल, परगना भगेट, तहसील कसौली, जिला सोलन (हिमाचल प्रदेश) में स्थित, बिक्री डीड में दर्शाई सभी कामन सुविधाओं सहित।

दिनांक : 10.09.2024 — हस्ता/-अधिकृत अधिकारी,
स्थान : सोलन (हिमाचल प्रदेश) — कृते : टाटा कैपिटल हाउसिंग फायनांस लिमि.।

एल्डेको इंफ्राकॉन रियलटर्स लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : 201–212, दूसरी मंजिल, स्प्लेंडर फोरम
जिला केन्द्र, जसोला, नई दिल्ली–110025

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि एल्डेको इंफ्राकॉन रियलटर्स लिमिटेड, जिसका पंजीकृत कार्यालय 201–212, दूसरी मंजिल, स्प्लेंडर फोरम, जिला केन्द्र, जसोला, नई दिल्ली–110025 में है, नतीजतन पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, उनके फाइल संख्या 21-128/2024-IA.III और ई0सी0 पहचान संख्या EC23C3801HR5820049N दिनांक 21.08.2024 द्वारा पर्यावरण संबंधी मंजूरी आवासीय प्लॉटेड कॉलोनी नामतः "एल्डेको अमोर", स्थित गांव–रथधाना, सेक्टर–33, सोनीपत की राजस्व संपदा, के प्रस्तावित विस्तार के लिए प्रदान की है। यह पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग, हरियाणा सरकार, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड परिवेश भवन, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के कार्यालय में उपलब्ध है।

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 10.09.2024 — एल्डेको इंफ्राकॉन रियलटर्स लिमिटेड

एल्डेको ग्रीन पार्क इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : 201–212, दूसरी मंजिल, स्प्लेंडर फोरम
जिला केन्द्र, जसोला, नई दिल्ली–110025

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि एल्डेको ग्रीन पार्क इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, जिसका पंजीकृत कार्यालय 201–212, दूसरी मंजिल, स्प्लेंडर फोरम, जिला केंद्र, जसोला, नई दिल्ली–110025 में है, नतीजतन पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, उनके फाइल संख्या 21-129/2024-IA.III और ई0सी0 पहचान संख्या EC24C3801HR5975378N दिनांक 21.08.2024 द्वारा पर्यावरण संबंधी मंजूरी आवासीय प्लॉटेड कॉलोनी नामतः "एल्डेको अमाया", स्थित गांव–रथधाना, सेक्टर–33, सोनीपत की राजस्व संपदा, के प्रस्तावित विस्तार के लिए प्रदान की है। यह पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग, हरियाणा सरकार, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड परिवेश भवन, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के कार्यालय में उपलब्ध है।

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 10.09.2024 — एल्डेको ग्रीन पार्क इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat

परिशिष्ट –4–क
अचल सम्पत्ति(यों) की ई–नीलामी बिक्री सूचना
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना

पंजीकृत कार्यालय :–9 वीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22, के जी मार्ग, नई दिल्ली–110001 फोनः–011–23357171, 23357172, 23705414, **वेबसाइट : www.pnbhousing.com**
चंडीगढ़ शाखाः एससीओ 323–324, प्रथम तल, एसईसी 35 बी, चंडीगढ़–160035। **करनाल शाखाः** एससीओ 218–219, द्वितीय तल, सेक्टर 12, भाग 1, सिटी सेंटर हुडा, करनाल–132001

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कालम नंबर –ए में निर्दशित कर्जदार(रों) एवं गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक / प्रभारित कालम नंबर–डी में वर्णित अचल सम्पत्ति(यां), जिसका प्रलक्षित / भौतिक कब्जा पीएनबी हाउसिंग फाईनैंस लिमिटेड (पीएनबी एचएफएल) / प्रत्याभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है (कालम नंबर–सी में वर्णितानुसार) नीचे दिए विवरण के अनुसार **"जैसी है जहां है", "जैसी है जो है"** तथा **"जो भी है वहां है"** आधार पर बेची जाएंगी। एतद्द्वारा कालम नंबर –ए में निर्दशित कर्जदार(रों) / बंधकदाता(ओं) / संबंधित कर्जदार(रों) / बंधकदाता(ओं) (मृत्योपरान्त) के कानूनी वारिसों, कानूनी प्रतिनिधियों, (चाहे ज्ञात अथवा अज्ञात), निष्पादक(कों), प्रशासक(कों), उत्तराधिकारी(यों), समनुदेशिती(यों) को, जैसी भी स्थिति है, प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 अद्यतन संशोधित के नियम 8(6) एवं 9 के तहत सूचना दी जाती है।
बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट नामतः **www.pnbhousing.com** में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें।

ऋण संख्या, कर्जदार/ सह–कर्जदार का नाम गारंटर(S) (ए)	मांग सूचना मांग की राशि और तारीख (बी)	कब्ज़ा का प्रकार (सी)	बंधक रखी सम्पत्तिओं का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (आरपी) (ई)	ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ)	बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (जी)	बोली वृद्धि राशि (एच)	निरीक्षण की तिथि एवं समय (आई)	नीलामी की तिथि एवं समय (जे)	ज्ञात ऋणभार/ न्यायालय मामला, यदि कोई, (के)
HOU/CHD/0119/637347, बी.ओ. चंडीगढ़, रवि कुमार, श्रीमती अमरजीत	15.12.2022 तक रु. 28,84,845.69	भौतिक कब्जा	मकान नंबर 53, एम0105000 टीके100176, गांव तगरा कंगन, कालका जिला पंचकुला, हरियाणा–134118, भारत।	रु. 2684000	रु. 268400	14.10.2024	रु. 10,000	03.10.2024. अप. 10.00 बजे पूर्वा. 5.30 बजे	15.10.2024. पूर्वा. 12.30 बजे पूर्वा. 2.30 बजे	Not Known
HOU/KAR/1217/467125, बी.ओ. करनाल, सुशील कुमार, सुनीता देवी	18.04.2022 तक रु. 17,46,482.61	भौतिक कब्जा	वार्ड नंबर 17, विग कॉलोनी, घरौंडा, कश्यप पेंटर वाली गली, तहसील घरौंदा, करनाल हरियाणा–132114 में स्थित प्लॉट, खेवट नंबर 1257, खतौनी नंबर 1561, मुर्राबा नंबर 147, किला नंबर 20, 5/ में शामिल है, 72 भाग रकबा 3 कनाल 12 मरले बकदार 5 मरले (150 वर्ग गज), जमाबंदी वर्ष 2010–2011 श्रीमती के नाम। सुनीता देवी ने विक्रय पत्र रजि. क्रमांक 4299 दिनांक 06/01/2014	रु. 1866000	रु. 186600	23.09.2024	रु. 10,000	10.09.2024. अप. 10.00 बजे पूर्वा. 5.30 बजे	24.09.2024. पूर्वा. 12.30 बजे पूर्वा. 2.30 बजे	Not Known
HOU/KAR/1216/338198, बी.ओ. करनाल, विक्रम सिंह, बचना राम पुत्र फग्गू राम	24.07.2021 तक रु. 13,06,287	भौतिक कब्जा	गंगा नगर कॉलोनी में स्थित मकान, संपत्ति आईडी नंबर 102C661U130, खसरा नंबर 51//2/2, जगाधरी, यमुना नगर, हरियाणा–135003, भारत, भूमि का क्षेत्रफल 71.66 वर्ग गज, शीर्षक विलेख संख्या 9781 दिनांक 8–03–2017 विक्रम सिंह पुत्र बचना राम के पक्ष में, सीमाएं: उत्तर– स्ट्रीट, दक्षिण मोहन सिंह की संपत्ति, पूर्व–मोहन सिंह की संपत्ति, पश्चिम–पाल राम की संपत्ति	रु. 991000	रु. 99100	23.09.2024	रु. 10,000	10.09.2024. अप. 10.00 बजे पूर्वा. 5.30 बजे	24.09.2024. पूर्वा. 12.30 बजे पूर्वा. 2.30 बजे	Not Known

*उसके भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक लागू अनुसार 18 प्रतिशत वार्षिक की दर पर भावी ब्याज, उपगत किए गए अनुषंगी खर्चों, लागत, प्रभारों इत्यादि सहित। "पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान और जानकारी के अनुसार, उपरिवर्णित अचल/प्रतिभूत आस्तियों के संबंध में कोई अन्य ऋणभार/दावे नहीं है, सिवाय उनके जो कालम नंबर–के में वर्णित किए गए है। इसके अतिरिक्त इन ऋणभारों का भुगतान/अदायगी सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा उसकी अपनी व्यवस्था द्वारा की जाएगी। सफल क्रेता(ओं)/बोलीदाताओं से वर्णित ऋणभारों की सत्यता का अभिनिश्चयन स्वतत्र रूप से करने का अनुरोध किया जाता है।

1. आज की तिथि तक, पीएनबीएचएफएल/पीएनबीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी पर उपरोक्त अचल सम्पत्तियों/प्रतिभूत आस्तियों की बिक्री, हस्तांतरण तथा/अथवा निपटान के संबंध में कोई प्रतिबंध आदेश तथा/अथवा न्यायालय निषेधादेश लागू नहीं है।
2. संभावित क्रेता/बोलीदाता तथा इच्छुक पार्टियां कालम नंबर–के में वर्णित, कार्यवाही/पारित आदेश इत्यादि, यदि कोई, में बहस, जिसमें पीएनबीएचएफएल के पास उपलब्ध उसके स्वामित्व के साथ संबंधित दस्तावेजों का शीर्षक शामिल है परंतु उसी तक सीमित नहीं है, का निरीक्षण स्वतंत्र रूप से कर सकती है तथा सभी संदर्भों में अपनी संतुष्टि अपनी निविदा/बोली आवेदन प्रस्तुत करने अथवा ऑफर(स) प्रस्तुत करने से पहले कर सकती है। बोलीदाता(ओं) को बोली प्रपत्र के साथ इस नीलामी के नियमों और शर्तों पर हस्ताक्षर करने होंगे।
3. कृपया ध्यान दें कि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(3) के अनुसार, बोलीदाता/खरीदार कानूनी रूप से बिक्री मूल्य की राशि का 25% (ब्याना सहित) जमा करने के लिए बाध्य है। पैसा, यदि कोई हो, जमा किया गया) उसी दिन या अगले कार्य दिवस की तुलना में बाद में नहीं। सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(2) के अनुसार सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री मूल्य का 25% प्राप्त करने के बाद ही (बोली लगाने वाले) के पक्ष में बिक्री की पुष्टि की जा सकती है। शेष 75% बिक्री पुष्टि पत्र की पावती की तारीख से 15 दिनों के भीतर क्रेता द्वारा बिक्री प्रतिफल राशि जमा करनी होगी और इस तरह की जमा राशि के डिफॉल्ट होने पर, संपत्ति / सुरक्षित संपत्ति को फिर से बेचा जाएगा।
4. **मैसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड** ई–नीलामी के माध्यम से बिक्री संचालन में प्राधिकृत अधिकारी कार्पोरेट कार्यालय पता : प्लॉट नंबर 68, तृतीय तल, सेक्टर–44, गुरूग्राम, हरियाणा–122003 वेबसाइट – **www.bankeauctions.com** सहायता करेगी। संपत्ति के निरीक्षण या बोली दस्तावेज प्राप्त करने और किसी अन्य प्रश्न या पंजीकरण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, पीएनबीएचएफएल प्राधिकृत अधिकारी **राहुल दुआ और तरसेम संपर्क नंबर 1800 120 8800**, या सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड अथवा **www.pnbhousing.com** पर देखे

स्थानः हरियाणा, दिनांकः 10-09-2024 — **प्राधिकृत अधिकारी, मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड**